a2zpapers.com

Exam. Code : 108004
Subject Code : 2024

B.A. (Honours) 4th Semester
HINDI
(Gadh Sahitya : Nibandh Sansmaran Tatha Anuvad)

Time Allowed—Three Hours] [Maximum Marks—100

निर्देश :—यह प्रश्न-पत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है। निर्देशानुसार उत्तर दें।

खण्ड—एक

1. निम्नलिखित परिभाषिक शब्दों में से कुल **10** (**5** अंग्रेजी से हिन्दी तथा **5** हिन्दी से अंग्रेजी में) शब्दों का अनुवाद करें :
Sanction, Gadget, Immunize, Herb, Breakage, Licence, Competitor, Prima Facie, Calorie, Molar.
निष्क्रय, जीविका, आसन्न, बीजक, संकलित करना, औपनिवेशिक, दृष्टिपटल, कुपोषण, संतान, अवयव। 10×2=20

खण्ड—दो

निर्देश :—यह खण्ड **दो** भागों में विभाजित है। निर्देशानुसार उत्तर दें।

भाग—क

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें :
   (i) "दुनिया किसी कूड़े के ढेर पर नहीं खड़ी कि जिस मुर्गे ने बाँग दी वही सिद्ध हो गया। दुनिया धर्म और अटल आध्यात्मिक नियमों पर खड़ी है जो अपने आपको उन नियमों के साथ अभेद करके खड़ा हुआ व विजयी हो गया।'' प्रस्तुत गद्यांश की व्याख्या करें।
   (ii) 'आचरण की सभ्यता' निबंध का कथ्य स्पष्ट करें।
   (iii) 'पवित्रता' निबंध में त्याग और वैराग्य के सम्बन्ध में लेखक के विचारों को स्पष्ट करें।
   (iv) 'कन्यादान' निबंध में निबंधकार ने भारत में कन्यादान की रीति पर क्या विचार दिए हैं ?

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

(v) 'मज़दूरी और प्रेम' निबंध का सार लिखें।

(vi) 'सच्ची वीरता' निबंध का उद्देश्य स्पष्ट करें।

(vii) 'पवित्रता' निबंध के आधार पर पवित्रता का स्वरूप निर्धारित करें।

(viii) 'अमेरिका का मस्त जोगी वाल्टव्हिटमैन' निबंध में निबंधकार किस विषय पर चर्चा करता है ? 5×6=30

भाग—ख

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें :

(i) 'घीसा' संस्मरण के आधार पर घीसा का चरित्र-चित्रण स्पष्ट करें।

(ii) 'चीनी फेरीवाला' संस्मरण का कथ्य स्पष्ट करें।

(iii) "जीवन के दूसरे परिच्छेद में भी सुख की अपेक्षा दुःख ही अधिक है। जब उसने गेहुँए रंग और बटिया जैसे मुख वाली पहली कन्या के दो संस्करण और कर डाले तब सास और जेठानियों ने ओंठ बिचकाकर उपेक्षा प्रकट की।" प्रस्तुत गद्यांश की व्याख्या करें।

(iv) 'निराला भाई' संस्मरण का सार लिखें।

(v) "यह कथा अनेक क्षेपकोमय विस्तार के साथ सुनायी तो गयी थी मेरा मन फेरने के लिए और मन फिरा भी : परन्तु किसी सनातन नियम से कथावाचक की ओर न फिरकर कथा के नायकों की ओर फिर गया और इस प्रकार घीसा मेरे और अधिक निकट आ गया।" प्रस्तुत गद्यांश की व्याख्या करें। 3×6=18

खण्ड—तीन

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दें :

(i) निबंध की परिभाषा देते हुए अध्यापक पूर्ण सिंह के निबंधों की विशेषताएं बताएं।

(ii) 'घीसा' निबंध का कथ्य स्पष्ट कीजिये।

(iii) महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय दें।

(iv) अध्यापक पूर्ण सिंह का कृतित्व स्पष्ट करें। 2×16=32

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab